हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 25 मार्च 2024



# होली का खुमार उतरते ही गुरुवार से शुरू होगा नामांकन, चार अप्रैल तक मोहलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव के चुनाव को लेकर अब नामांकन की बारी आ गई है। होली त्यौहार का खुमार उतरते ही गुरुवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अभ्यर्थियों को नाम दाखिल करने के लिए चार अप्रैल तक का समय मिलने वाला है। दूसरे चरण में शामिल राजनांदगांव सीट से भाजपा-कांग्रेस के अलावा अन्य क्षेत्रीय पार्टियों के प्रत्याशियों के भी मैदान में उतरने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों ने अपना प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। हालांकि इन दोनों ही पार्टियों के अलावा अब तक तीसरा उम्मीदवार इस सीट से सामने नहीं आ पाया है। ऐसे में नामांकन प्रक्रिया के साथ ही लोकसभा को लेकर तस्वीर साफ होने लगेगी। नामांकन के लिए इस बार सामान्य अभ्यर्थियों के लिए 25 हजार रुपए एवं एससी-एसटी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 12500 रुपए का शुल्क तय किया गया है।

### 2019 में 14 प्रत्याशी थे

पांच साल पहले हुए लोकसभा आम चुनाव 2019 में राजनांदगांव लोकसभा सीट से कुल 14 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। इनमें भाजपा और कांग्रेस के बाद नोटा को सबसे अधिक वोट मिले थे। वहीं 12 प्रत्याशी अपनी जमानत भी नहीं बचा पाए थे। उस दौरान बसपा, शिवसेना, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, आरपीआई सहित अम्बेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया भी मैदान में थी। वहीं पांच प्रत्याशी निर्दलीय रूप से चुनावी मैदान में उतरे थे।

## होली में चुनावी रंग: भूपेश ने बजाया नगाड़ा, संतोष ने फाग गाकर बांधा समा

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल गांव-गांव में पहुंचकर जनसंपर्क कर रहे हैं। रविवार दोपहर भूपेश बघेल ने राजनांदगांव शहर के हरदी क्षेत्र में जनसंपर्क किया और मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से लोगों से भेंट-मुलाकात की। वहीं भाजपा प्रत्याशी भी लगातार गांवों के दौरे में है। गांव से लेकर शहर में होली का रंग चढ़ते ही दोनों प्रत्याशियों ने ग्रामीणों के साथ जमकर उत्साह भी मनाया। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने जहां नगाड़ा बजाया, वहीं भाजपा प्रत्याशी श्री पांडे ने फाग प्रतियोगिताओं में पहुंचकर फाग भी गाया। छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल इन दिनों



गांव-गांव में जाकर जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं। रविवार को कड़ी धूप में उन्होंने राजनांदगांव शहर के हरदी वार्ड में पैदल जनसंपर्क किया और गांव में आयोजित मंचीय कार्यक्रम के तहत यहां के मतदाताओं से भेंट-मुलाकात की। इस दौरान मंच से संबोधित करते हुए भूपेश बघेल ने उपस्थित लोगों से कहा कि 5 साल आप लोगों ने सेवा करने का मौका दिया, हमारी कोशिश रही कि सबके घर में खुशहाली आए। इधर भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद संतोष पांडे ने भी गांवों में दौरा कर लोगों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा करते हुए केंद्र में फिर से भाजपा की सरकार बनानी है।




### खबर संक्षेप

#### टटेंगा में फाग प्रतियोगिता 27 को

**जेवरतला रोड।** ग्राम टटेंगा में 27 मार्च को एक दिवसीय फाग गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का



आयोजन बाजार चौक प्रांगण में रखा गया है। प्रतियोगिता में विजेताओं को झांकी वर्ग में प्रथम से क्रमशः 5001, 3001, 2001, 1501, 1051 रुपए एवं फोटो फ्रेम, रचना वर्ग में प्रथम से क्रमशः 3001, 2001, 1501, 1101, 1051 रुपए एवं फोटो फ्रेम प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने मनीष कुमार साहू, पिलेश कुमार कौशिक, प्रताप मानिकपुरी, राकेश कुमार ठाकुर, सुंदर कौशिक, योगेश कुमार साहू, योगेन्द्र सिन्हा, डिगेश्वर सुधाकर, गौरव करायत, मानदास साहू, प्रदीप सुधाकर, भूपेन्द्र यादव, यशवंत सुधाकर, नागेश निर्मलकर आदि जुटे हैं।

### शहर सहित अंचल में हर्षोल्लास का माहौल

# देर रात होलिका दहन, उड़े रंग-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली पर्व के तहत अंचल में हर्षोल्लास का माहौल है। देर रात तक कई इलाकों में होलिका दहन किया गया। इसके साथ ही रंग-गुलाल अबीर का दौर जारी हो गया। कल रंगोत्सव पर होली पर्व का उत्साह बना रहेगा।

होलिका दहन के लिए ग्रामीण से लेकर शहरी इलाके में व्यापक तैयारियां की गई थी। चौके-चौराहों से लेकर मोहल्लों में लोग लकड़ियां एकत्र कर आसपास साज-सजावट भी किए हुए थे। शाम होते ही फाग मंडलियों की नगाड़े की थाप पर फाग गीतों की बनी रही। देर रात मुहूर्त पर कई लोगों ने रात साढे 10 बजे के बाद पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया।

कल सोमवार को सुबह से रंग-गुलाल का दौर शुरू हो जाएगा। एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर लोग होली पर्व मनाएंगे और सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। पर्व को लेकर विगत दो-तीन दिनों से बाजार में रंग-गुलाल व पिचकारियों की खरीदी करने जुटे रहे। सामान्य दिनों की अपेक्षा रविवार को बाजार में चहल-पहल का दौर रहा। देर शाम तक लोगों ने जमकर पर्व संबंधी सामग्रियों की खरीदी की।

#### अतिरिक्त पुलिस पेट्रोलिंग

जो अपने-अपने थाना क्षेत्रों के चौक चौराहों पर तैनात है और पेट्रोलिंग शुरू कर दिए है। जिसके लिये पुलिस अधिकारीकर्मचारियों का ड्यूटी लगाया गया है। इसी प्रकार जिले के बाकी थाना चौकी क्षेत्रों में थाना पेट्रोलिंग के अलावा अतिरिक्त पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई जो निर्धारित अपने बीट व क्षेत्रों पर भ्रमण कर असामाजिक तत्वों तथा गुंडा बदमाशों पर नजर बनाये रखेंगे जिसके लिए 400 पुलिस जवान तैनात किया गया है।

#### पुलिस शहर व गांव में अलर्ट

*पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं मुकेश ठाकुर (आप्स) के मार्ग दर्शन में होली पर्व के दौरान थाना कोतवाली क्षेत्रों में 17 फिक्स पांइट, 10 बॉज स्कॉट, 05 पेट्रोलिंग वाहन, ओपी चिखली क्षेत्रों में 04 पेट्रोलिंग, 04बॉज स्कॉट, 07 फिक्स पाइंट,थाना बसंतपुर क्षेत्रों में 05 पेट्रोलिंग, 08 बाज स्कॉट, 15 फिक्स पांइट, ओपी सुरगी 03 पेट्रोलिंग, थाना सोमनी 03 पेट्रोलिंग, 03 फिक्स पांइट, थाना लालबाग 4 पेट्रोलिंग, 4 फिक्स पांइट, थाना डोंगरगढ़ 04 पेट्रोलिंग, डोंगरगांव 03 पेट्रोलिंग एवं यातायात पुलिस का 14 फिक्स पाइंट लगाया गया है।*



#### केसरियां रंग से भक्त होंगे तरबतर

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार समिति की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष रंगोत्सव पर नवीनता लिए भव्य रथ को तैयार किया गया है। रथ के पृष्ठ भाग में आर्च रहेगा उसके सामने भगवान राधाकृष्ण की बड़ी मूर्ति रहेगी एवम दो गोपियां नृत्य करते हुए दिखाई देगी। एकदम सामने मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित अखंड ब्रह्मांड नायक युगल सरकार भगवान राधाकृष्ण विराजमान होंगे। जिस पर आम नागरिक बिना किसी जाति - धर्म , ऊंच - नीच, अमीर - गरीब के भेदभाव से ऊपर उठकर रंग , गुलाल, इत्र चढ़ाकर भोग प्रसाद लगा सकेंगे। रथ से ही फौवारो द्वारा भक्तो के ऊपर केसरिया रंग की फुहार लगातार होती रहेगी। इस शोभायात्रा में उपयोग किया जाने वाला केसरिया रंग विशेष होता है।

#### भजनों की रहेगी गूंज

श्री सत्यनारायण मंदिर रंगोत्सव समिति की ओर से जानकारी दी गई है कि भगवान राधाकृष्ण की भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होने के पूर्व भगवान राधाकृष्ण को मंदिर के गर्भगृह से रथ में बैठाया जायेगा। रथ में भगवान राधाकृष्ण के विराजमान होने के पश्चात पूजा एवम आरती होगी तथा ठीक सुबह 9 बजे शोभायात्रा प्रारम्भ होगी, शोभायात्रा के मार्ग में अनेक भक्तो द्वारा स्वप्रेरणा से अपने आराध्य भगवान राधाकृष्ण एवम उनके ग्वाल-बालो का स्वागत सत्कार ठंडाई, मिष्ठान, शीतल पेय, पेयजल, जलपान, फल इत्यादि से किया जाता है। इस वर्ष अनेक स्थानों पर रंगों के फुहारे से केसरिया रंग की बारिश किये जाने की तैयारियां की जा रही है। शोभायात्रा को भव्यता प्रदान करने सभी भक्तों की एकरूपता को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष सभी भक्तों के लिए दुपट्टे मंगाए गए हैं। रंगोत्सव समिति द्वारा मंदिर के समक्ष रथयात्रा प्रारंभ होने के समय उपस्थित सभी भक्तों को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया जावेगा। रंगोत्सव समिति ने आमजनो से आग्रह किया है कि शोभायात्रा में शामिल भक्तो के ऊपर लाल, गुलाबी एवम केशरिया रंगों एवम गुलाल का प्रयोग करे। काले रंग , तैलीय रंगो का प्रयोग वर्जित रहेगा। संस्कारधानी के सभी भजन मंडलीयो एवम भजन गायको को इस अवसर पर फागुन के भजन गायन के लिए आमंत्रित किया गया है।

#### भगवान राधाकृष्ण भक्तों के संग खेलेंगे होली

संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव में पिछले 33 वर्षो से रंगोत्सव का त्यौहार श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के तत्वावधान में नागरिको की रंगोत्सव समिति द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भक्ति एवं श्रद्धा पूर्ण मनाया जाता है। फागुन शुक्ल पूर्णिमा को होलिका दहन के पश्चात चैत्र कृष्ण एकम को श्री सत्यनारायण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित अखण्ड ब्रम्हाण्ड नायक भगवान राधाकृष्ण स्वयं अपने भक्तों के साथ होली खेलने के लिए भव्य रथ पर सवार होकर शहर के प्रमुख मार्गों से निकलते हुए फागुन महोत्सव का आनंद भक्तों को प्रदान करते हैं।

## होली में उड़े रे गुलाल...



**राजनांदगांव।** रंगोत्सव के पूर्व ही महाविद्यालय परिसर में छात्रों ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर बधाईयां दी।




## चेकिंग में 197 वाहनों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** आगामी लोकसभा चुनाव और होली त्योहार को लेकर सघन वाहन चेकिंग अभियान जारी है। जिसके तहत बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले,बिना लाइसेंस मौके पर कागजात पेश न करना, बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी तथा यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध की गई कार्रवाई।

आगामी लोकसभा चुनाव होली और रमजान को देखते हुए अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने तथा कानून- व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया था।

#### समंस शुल्क वसूली

जिसके तहत थाना कोतवाली, बसंतपुर, बागनदी, डोंगरगढ़, छुरिया, चौकी मोहारा, चिचोला, सुरगी एवं थाना यातायात पुलिस द्वारा 23मार्च को आने जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु व्यक्ति की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लघंटन करने वालो के कुल 197 प्रकरण में 62000 रूपये समंस शुल्क कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक भी किया गया।

## अवैध रूप से शराब बिक्री, आरोपियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में 10 प्रकरणों में 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।



पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आप्स) मुकेश ठाकुर के मार्गदशन में आगामी लोकसभा चुनाव और होली त्योहार को मद्देनजर रखते हुये कानून व्यवस्था कायम रखने हेतु अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने व कड़ी कार्यवाही करने तथा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारियों को सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देश किया गया था। जिसके तहत 23मार्च को थाना कोतवाली, बसंतपुर, छुरिया, घुमका, सोमनी, डोंगरगांव एवं ओपी चिचोला, चिखली पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट के कुल 10 प्रकरणों में 12 आरोपियों के कब्जे से 88.56 लीटर अंग्रेजी,देशी प्लेन शराब 44000 रूपये एवं बिक्री रकम 16460 रूपये जुमला कीमती 60460 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध 34 (2), 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

#### असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई

असामाजिक तत्वों के विरूद्ध थाना कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, छुरिया, गैंदाटोला, बागनदी, सोमनी एवं ओपी चिचोला, सुरगी, तुमडीबोड, मोहारा पुलिस द्वारा 151/107, 116 के तहत 10 प्रकरणों में 45 व्यक्तियों के विरूद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही। थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत 1 प्रकरण में1 व्यक्तियों के विरूद्ध की गई कार्यवाही।





### स्कूलों में अवधपुरी राम के 12 चैप्टर, विद्यार्थी पढ़ रहे सुंदरकांड

# एनसीईआरटी के सिलेबस में अब रामायण भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यूं तो राम भारतीय जन मानस के कण-कण में है, लेकिन बात जब शिक्षा और संविधान की हो तो वहां भी उनकी उपस्थिति यह बताती है कि उनके बिना तो कुछ संभव ही नहीं। भारत के संविधान की मूल प्रति में मौलिक अधिकारों से जुड़े अध्याय के आरंभ में एक स्केच है। यह स्केच मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, माता सीता और भाई लक्ष्मण का है।

यही नहीं स्कूली शिक्षा में स्कूली शिक्षा की बात करें तो कक्षा 6वीं की बुक में रामकथा का चेप्टर है तो स्नातक स्तर पर बीए प्रथम वर्ष में रामचरित मानस और पीजी कक्षाओं में सुंदरकाड के साथ रामचरित मानस पढ़ाया जा रहा है। इसके साथ ही हाल ही में तय किया गया है कि भारत के महाकाव्य रामायण और महाभारत एनसीईआरटी के सिलेबस में शामिल होंगे, इन्हें स्कूल के इतिहास के सिलेबस में भारत के क्लासिकल पीरियड की कैटेगरी में रखा जा सकता है। स्कूल से लेकर कॉलेजों तक में भी श्रीराम पर सिलेबस और चैप्टर है। भक्ति आंदोलन के चेप्टर में भगवान राम का उल्लेख है। भगवान राम पर केंद्रित भक्ति आंदोलन के नेता रामानंद थे। वह 14वीं शताब्दी के वैष्णव कवि थे, जिन्होंने रामनंदी सम्प्रदाय की स्थापना की थी। उन्होंने सिखाया कि भगवान राम सर्वोच्च भगवान है।




#### श्रीराम का व्यक्तित्व संवैधानिक मूल्यों के समरूप

भगवान राम का हमारे संविधान से भी खास कनेक्शन है। संवैधानिक मामलों के जानकारों मुताबिक संविधान की मूल प्रति में राम की तस्वीर और उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। भारत के संविधान की मूल प्रति में मौलिक अधिकारों से जुड़े अध्याय के आरंभ में एक स्केच है। यह स्केच मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, माता सीता और भाई लक्ष्मण का है।

#### कॉलेजों में पढ़ा रहे रामचरित मानस के 7 कांड

उच्च शिक्षा में स्नातक और स्नातक स्तर पर भी श्रीराम के बारे में सिलेबस है। बीए प्रथम वर्ष में प्राचीन हिंदी साहित्य में राम के कई प्रसंग पढ़ाए जा रहे हैं। इसमें गोस्वामी तुलसीदास की श्रीराम चरितमानस, सुंदरकांड के साथ उत्तरकांड कवितावली पढ़ाई जा रही है। प्राचीन मध्यकालीन भारत में रामचरितमानस के 7 कांड पढ़ाए जा रहे हैं। इसमें उत्तर कांड और सुंदर कांड का खास तौर पर सिलेबस है।

#### छठवीं में बाल रामकथा, सातवीं में काव्य माधुरी

स्कूलों में भगवान श्रीराम का चरित्र विभिन्न कक्षाओं में क्रमवार पढ़ाया जा रहा है। कक्षा छठवीं में बाल रामकथा पढ़ाई जा रही है। इसमें कुल 12 चैप्टर है। इसमें अवधपुरी में राम, जंगल और जनकपुर, दो वरदान, राम का वन-गमन, चित्रकूट में भरत, दंडक वन में दस वर्ष, सोने का हिरण, सीता की खोज, राम और सुग्रीव, लंका में हनुमान, लंका विजय और राम का राज्याभिषेक शामिल है।इसके साथ ही सातवीं में हिंदी पाठ के सोलहवें अध्याय में काव्य माधुरी में रामायण के प्रसंगों का उल्लेख है।



## खबर संक्षेप

### फाग स्पर्धा 26 को

**लालबहादुर नगर।** जय शीतला फाग मंडली एवं कृष्णा युवा समिति एलबी नगर के संयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय फाग एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन 26 मार्च को किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद संतोष पांडेय के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भरत वर्मा व पूर्व विधायक खेदूराम साहू की उध्यक्षता में होगा। कार्यक्रम में दिनेश गांधी, श्रीमती जागृति चुन्नी यदु, श्रीमती पुष्पलता वैष्णव, श्रीमतु तुलसी हीरा सोनी, देवेन्द्र साहू, प्रमोद अग्रवाल, हुकुमचंद साहू, गंगादास वैष्णव, धरमु साहू एवं उमेन्द्र सिंह देवांगन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति ने ग्रामवासियों से फाग एवं झांकी सम्मेलन का आनंद उठाने की अपील की है।

### होलिका स्तंभ की स्थापना



**डोंगरगढ़।** होलिका दहन के मौके पर स्थानीय जतन चौक मारवाड़ी मोहल्ले में विधि विधान से पूजा अर्चना कर होलिका स्तंभ की स्थापना की गई। परंपरागत मुहूर्त के हिसाब से स्थापना कर होलिका का दहन किया गया। कल प्रातः रंगोत्सव मनाया जाएगा।

### कालीचरण महाराज ने किया देवी दर्शन



**डोंगरगढ़।** संत कालीचरण महाराज ने माँ बम्लेश्वरी के दर्शन किए। दर्शन के बाद देश, धर्म, समाज के विषयों पर चर्चा की। इसी दौरान पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा भी मंदिर दर्शन करने पहुँचे। थे उन्होंने कालीचरण महाराज से आशिर्वाद लिया। उन्होंने संत शिरामणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज की समाधि स्थल पहुंचकर दर्शन किया।

# पानी नहीं तो मतदान भी नहीं, ग्रामीणों ने लिया बहिष्कार का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला

ग्राम पिनकापार में पेयजल समस्या गहराने के बाद उपजी स्थिति पर विचार करने बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने एक मत से चुनाव बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में पानी टंकी लगभग बनकर तैयार है। लोकनिर्माण विभाग ने पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया है। अब स्थिति यह है कि जब तक पाइपलाइन नहीं बिछाया जाएगा तब घरों तक घर पानी पहुंचाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि जब सड़क किनारे नाली निर्माण के लिए खोदाई किया गया तभी पाइप डाल दिया जाता तो यह दिन नहीं देखना पड़ता। ग्रामीणों ने बताया कि लोकनिर्माण विभाग ने सड़क के दोनों तरफ नाली खोदते समय पुरानी पाइपलाइन को तोड़ दिया गया था। पीएचई विभाग द्वारा बिछाई गई नई पाइप लाइन को भी लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार ने क्षति ग्रस्त करते हुए ढलाई कर दिया है। अब नई पाइपलाइन के लिए लोक निर्माण विभाग से परमिशन मांगा जा रहा है किन्तु दोनों विभाग के बीच सामंजस्य नहीं बनने के कारण अब तक पहल नहीं हो सकी है।

## लोक निर्माण विभाग ने खड़ा किया संकट

### विधायक की अनदेखी

पूरे गांव में जल संकट गहराने के बाद ग्रामीणों ने गत दिनों विधायक कुंवर सिंह निषाद को आवेदन देकर स्थिति से अवगत कराया था। विधायक ने अधिकारियों को पहल करने के निर्देश दिया था जिसे नजरअंदाज कर दिया गया। लोकनिर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ने ग्रामीणों के आवेदन को ठंडे बस्ते में डाल दिया। यह मामला जिला पंचायत की बैठक में भी उठ चुका है किन्तु ग्रामीणों को पानी मुहैया कराने के लिए अब तक किसी प्रकार की पहल नहीं हो सकी है।

### नहीं करेंगे मतदान

ग्रामीणों ने एक राय होकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी तय किया है कि भाजपा- कांग्रेस के नेताओं की कोई मदद नहीं किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए इस दिशा में उचित पहल करने का आग्रह किया है।



## अपर कलेक्टर ने बैठक में मतदान सुविधा के संबंध में दी जानकारी

# 10 सेवाओं को अधिसूचित कर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की दी सुविधा

## 5 दिनों के भीतर सहायक रिटर्निंग अधिकारी को देना होगा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने शनिवार को कलेक्टोरेट के अपर कलेक्टर कक्ष में अनिवार्य सेवाओं के रूप में अधिसूचित स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, प्राधिकार प्राप्त मीडियाकर्मी, रेल परिवहन, बीएसएनएल, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान करने के संबंध में जानकारी दी।

अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनिवार्य सेवाओं के रूप में 10 सेवाओं को अधिसूचित किया गया है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, ऐसे मीडियाकर्मी जिन्हें प्राधिकार पत्र जारी हुआ है, रेल परिवहन, बीएसएनएल, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भारतीय खाद्य निगम को अनिवार्य सेवाओं के रूप में अधिसूचित किया गया है। अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से ऐसे कर्मचारी जो शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान की तिथि को मतदान केन्द्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते हैं, केवल उनके लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। ऐसे सभी कर्मियों को प्रारूप 12 घ पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के 5 दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा।



### बूथ में नहीं डाल सकेंगे वोट

अपर कलेक्टर मारकण्डेय ने बताया कि सभी कर्मचारी जो प्रारूप 12 घ में आवेदन करेंगे एवं पात्र पाए जाएंगे। वह केवल डाक मतपत्र के माध्यम से पोस्टल वोटिंग सेंटर में ही मतदान कर सकेंगे। उन्हें किसी भी परिस्थिति में मतदान दिवस पर मतदान केन्द्र पर वोटिंग की पात्रता नहीं होगी, जो भी व्यक्ति प्रारूप 12घ में आवेदन करेंगे, उन्हें जिले में स्थापित पोस्टल वोटिंग सेंटर पर ही मतदान की व्यवस्था से अवगत कराया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर में मतदान हेतु नहीं जा सकने पर वे अपने मतदान के अधिकार से वंचित हो जाएंगे। उन्हें मतदान केन्द्र पर मतदान दिवस को अपना मत दर्ज करने की पात्रता नहीं होगी, इसलिए जो व्यक्ति मतदान दिवस को मतदान केन्द्र पर जाकर अपना वोट डालने हेतु सक्षम होंगे, उनसे प्रारूप 12 घ नहीं भरवाये जाएंगे। जिला स्तर पर अधिसूचित अनिवार्य सेवाओं के नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी एवं यथा शीघ्र पात्र व्यक्तियों के आवेदन प्राप्त कर इसे जिले में डाक मतपत्र हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों को प्रदाय की जाएगी। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण बीएल ठाकुर, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. तुलावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### पहचान दस्तावेज देना आवश्यक

अपर कलेक्टर मारकण्डेय ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन तीन चरणों में होगा। प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अधिसूचना 20 मार्च एवं प्रारूप 12 घ में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 मार्च है। द्वितीय चरण में राजनांदगांव, कांकेर एवं महासमुंद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अधिसूचना 28 मार्च एवं प्रारूप 12 घ में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 2 अप्रैल है। तृतीय चरण में सरगुजा, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-जांपा, बिलासपुर, दुर्ग एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अधिसूचना 12 अप्रैल एवं प्रारूप 12 घ में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल है। प्रारूप 12 घ में आवेदन के दौरान संबंधित कर्मचारी का मोबाईल नंबर, वोटर आईडी नंबर एवं निर्वाचक नामावली की भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही दर्ज करना अनिवार्य है। निर्वाचक नामावली में कर्मचारी का अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने हेतु वोटर हेल्पलाईन एप्प का उपयोग किया जा सकता है। जिसमें वोटर आईडी कार्ड नंबर डालकर इसे खोजा जा सकता है। प्रारूप 12 घ के भाग 1 के साथ-साथ जलि स्तर पर नियुक्त विभाग के नोडल अधिकारी द्वारा इस आवेदन को भाग 2 में सत्यापित किया जाएगा। आवेदन के साथ कर्मचारी का वोटर आईडी कार्ड का छायाप्रति भी संलग्न करना होगा। नियत तिथि तक प्राप्त होने वाले सभी पात्र आवेदनों के आधार पर जिले में पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित कर इनका डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान, मतदान दिवस के पूर्व ही करवाया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर जिले में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्धारित किए गए तीन दिन लगातार सुबह 9 से शाम 5 बजे तक संचालित किया जाएगा।

## 31 तक सम्पत्तिकर का भुगतान कर अधिभार से बचने करदाताओं से अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वित्तीय वर्ष समाप्ति एवं लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिए नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता समय-समय पर राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर समीक्षा कर राजस्व वसूली की जानकारी लेकर दिशा-निर्देश दिए। शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं करने पर उन्होंने संबंधित वार्ड प्रभारी को नोटिस जारी कर कार्रवाई भी कर रहे है। उन्होंने करदाताओं से चालू वित्तीय वर्ष में 31 मार्च तक अपने बकाया सम्पत्तिकर का भुगतान कर अधिभार से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि करदाता अवकाश के दिनों में भी अपने करों का भुगतान कर सकते हैं।

आयुक्त गुप्ता द्वारा समय-समय पर राजस्व विभाग की बैठक लेकर वसूली में तेजी लाने निर्देशित किया जा रहा था। इसके अलावा बड़े बकायेदारों की जानकारी लेकर नाम प्रकाशित करने, नल विच्छेदन करने, कुर्की करने तथा दुकानें सील करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इसके अलावा उनके द्वारा समस्त वार्डप्रभारियों की वार्डवार समीक्षाकर शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली के निर्देश दिए जा रहे थे तथा 30 प्रतिशत से कम वसूली पर वार्ड प्रभारियों को वसूली में तेजी लाने समझाईस दी जा रही थी। समझाईस उपरांत भी वसूली कम आने पर कार्रवाई भी की जा रही है। इसके अलावा राजस्व कार्यालय के साथ-साथ घर-घर जाकर राजस्व वसूली करने कड़े निर्देश दिए जा रहे हैं।

आयुक्त गुप्ता ने राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षकों से कहा है कि वित्तीय वर्ष समाप्ति पर कड़ाई से करों का वसूली करना सुनिश्चित करें। शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से करों का भुगतान नहीं करने वालों का नाम प्रकाशित करें तथा निगम स्वामित्व की दुकानें जिनकी प्रीमियम जमा नहीं हुए है तथा लंबे समय से दुकान किराया नहीं जमा करने वालों की दुकानें सील करने के निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त गुप्ता ने करदाताओं से अपील करते कहा कि इस वित्तीय वर्ष में करों का भुगतान करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। इसके उपरांत जमा करने पर अधिभार लिया जाएगा। उन्होंने करदाताओं से अपील करते कहा कि अपने बकाया करों का भुगतान 31 मार्च तक कर अधिभार से बचे।

# नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा की मांग



■ भाजयुमो जिला महामंत्री ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजयुमो जिला महामंत्री गोलू सूर्यवंशी ने गत दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने के दौरान राजनांदगांव स्थित अटल बिहारी बाजपेयी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज पेंड्री के विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते मांगों पर चर्चा की।

बताया गया कि व्याप्त अव्यवस्थाओं के चलते मेडिकल कॉलेज खुद बीमार ग्रस्त है, जहां समस्याओं का अंबार है। मरीजों एवं परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कॉलेज में मुख्यतः सिटी स्कीन मशीन, एमआरआई मशीन, पैथोलॉजी लैब सहित विशेषज्ञ डॉक्टरों की आवश्यकता है।

जिसके चलते मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रिफर किया जाता है। साथ ही लगभग 100 से 150 स्टॉफ नर्स/ वार्ड बॉय/ अन्य कर्मचारियों के पद रिक्त हैं। जिसकी नियुक्ति जल्द किए जाने की अपील के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज जाने आमजन को विपरित दिशा से लगभग 400 मी. आगे मार्ग से वापस घुमकर जाना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज के मुख्य मार्ग के डिवाईडर को तत्काल हटाया जाना अति आवश्यक है। इस विषय पर इसके पूर्व भी अनेक बार शासन-प्रशासन से मांग की गई, किन्तु आज पर्यन्त तक डिवाईडर नहीं हटाया गया। नगर के प्रमुख चौराहे में निःशुल्क एम्बुलेंस सुविधा सुनिश्चित करने की मांग की गई।

# सीनियर छात्रों को विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

प्राथमिक शाला जंतर में कार्यक्रम आयोजित कर कक्षा 5वी की छात्र - छात्राओं को विदाई दी गई। समारोह की शुरुवात माँ सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई।

इस अवसर पर कोकपुर संकुल समन्वयक राहुल जैन, संस्था प्रमुख टीएल पाड़े, संजीव कुल्हारे, त्रिवेणी ठाकुर, मालतेश्वरी कुल्हारे ने बच्चों को जीवन मे अनुशासन और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। कक्षा 5वी के छात्र-छात्राओ को उपहार भेंट किया गया। 5वी की बच्चो ने शाला को छत्तीसगढ़ महतारी की फ़ोटो भेंट में दिया।

संचालन संजीव कुल्हारे एवं आभार प्रदर्शन त्रिवेणी ठाकुर ने किया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनान्तर्गत सूजी का हलुवा, पुड़ी, चावल, दाल एवं सब्जी बच्चों को परोसा गया।

# न्योता भोजन में परोसा गया बूंदी का लड्डू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों के लिए न्यौता भोज का आयोजन ग्राम बुचीभरदा के वरिष्ठ नागरिक मिलन सिंह साहू द्वारा किया गया। उन्होंने मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त अन्य व्यंजन परोसा और खुद बच्चों के साथ भोजन किया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत स्कूलों में खास मौके पर दानदाता पौष्टिक आहार का दान कर सकते हैं, ताकि बच्चों को और ज्यादा आहार-पोषण मिल सके।

इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक राकेश सोनी, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला चांताराम साहू, दानदाता मिलन सिंह साहू, एसएमसी अध्यक्षद्वय अनुरुद्ध कौशिक, चुनूराम साहू, उपाध्यक्ष उत्तम कुमार कलिहारी, नागरिकगण जितेन्द्र कुमार साहू, शिक्षकगण विनोद चंद्राकर, रितुराज चतुर्वेदी, लेमत भूआर्य के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, रसोइया के साथ ही साथ स्कूली छात्र-छात्राएं एवं पालकगण उपस्थित थे।



### बच्चे और शिक्षक हुए शामिल

राजनांदगांव विकासखंड के सुरगी संकुल केन्द्र के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बुचीभरदा के बच्चों को दैनिक रूप से परोसे जाने वाले मध्यान्ह भोजन में दाल, भात एवं सब्जी के अतिरिक्त बूंदी का लड्डू परोसा गया। भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशियां छलक रही थी। यह देख पालकों ने कहा कि सामुदायिक सहभागिता को जोर देने और पोषक तत्वों की मात्रा में वृद्धि करने की यह व्यवस्था सराहनीय है।

# भाजपा में शामिल खैरागढ़ की महिला जनपद सदस्य



**डोंगरगढ़/ मोहारा।** भाजपा के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मलिखम कोसरे के नेतृत्व में खैरागढ़ जनपद पंचायत की सदस्य मंजू चतुर्वेदी ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गई। मुख्य अतिथि नारायण सिंह चंदेल, सांसद संतोष पाण्डेय, प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती, भरत लाल वर्मा, दिनेश गांधी, शशिकांत दिवेदी, विनोद खाण्डेकर, महेंद्र वैष्णव, रवि अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अमित जैन, जैनकुमार मेश्राम, जगेश्वर साहू, नरोत्तम सिन्हा, मुलचंद लोधी, तेजलाल वर्मा, पवन गायकवाड़, लव बघेल आदि इस दौरान मौजूद थे।

# कांग्रेस की राजनीति में कभी बोलती थी तूती, अब गुमनामी में राज परिवार



**डोंगरगढ़।** आजादी के बाद से राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की राजनीति का केन्द्र रहा खैरागढ़ राजपरिवार वर्तमान दौर में पूरी तरह किनारे हो गया है। हालात अब यह आते दिखने लगे हैं कि कांग्रेस का चेहरा रहे इस परिवार के सदस्य उपेक्षा का दंश भोगते हलाकान हो चुके है और अब अन्य राजनीतिक दल में जाने के लिए रास्ता का तलाश कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि खैरागढ़ राजपरिवार आजादी के बाद से कांग्रेस की राजनीति में सक्रिय रहा है। राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य बीरेन्द्र बहादुर, रानी पदमावती देवी के पं. नेहरू से करीबी रिश्ता रहा। वहीं पूर्व सांसद शिवेन्द्र बहादुर सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ दूर स्कूल में पढ़ाई किया था। रानी रश्मिदेवी कई बार खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुई तो उनका पुत्र विदेवव्रतसिंह ने विधायक के बाद सांसद और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में प्रवक्ता, छग युवक कांग्रेस के अध्यक्ष पद का दायित्व संभाला। इसी परिवार की एक और बहू गीतादेवी सिंह ने करीब 13 साल डोंगरगांव क्षेत्र का नेतृत्व किया। महिला एवं बाल विकास मंत्री रही।

### विरोधी भी कायल

सन 1977 में सक्रिय राजनीति में आए शिवेन्द्र बहादुर सिंह ने 1980 में पहला लोकसभा चुनाव लड़कर जीत दर्ज किया था। उन्होंने 1980 के बाद 1984, 1991 में चुनाव जीतकर राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र का नेतृत्व किया था। उस दौर के लोगों ने उनके दंबग व्यक्तित्व और कार्यशैली को बेहद करीब से देखा था जिसे लोग अब तक नहीं भूल नहीं पाए हैं। संगठन और सत्ता में उनके जैसी पकड़ अब तक कोई नहीं बना सका है। करीब छह दशक तक कांग्रेस की राजनीति का केन्द्र रहा खैरागढ़ राजपरिवार का कोई भी सदस्य कांग्रेस के कार्यक्रम में नजर नहीं आता है। इसी परिवार के भवानी बहादुर सिंह कांग्रेस में जरूर है किन्तु स्थिति यह है कि उन्हे बैठक आदि में भी नहीं बुलाया जाता। कहा जा रहा है कि लगातार उपेक्षा के शिकार हो रहे भवानी बहादुर सिंह भी निकट भविष्य में नए राजनीतिक विकल्प की तलाश कर सकते हैं।



### खुज्जी स्कूल में न्यौता भोज

**खुज्जी।** स्थानीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य तीरथ राम देवांगन के नेतृत्व में छात्रा पूर्वा राजपूत के जन्मदिन के अवसर पर उसके दादा ओमकार सिंह राजपूत ने न्यौता भोज का आयोजन किया। इस मौके पर बच्चों को मोतीचूर का लड्डू, खीर, पूड़ी, पापड़ खिलाया गया। इस अवसर पर देवानंद साहू, ज्योतिष राम यादव, किरण हिरवानी, डी. मानकर, पुष्पा पटेल, केसिनी साहू, करुणा देवांगन, विशाखा ठाकुर, बाल्का मिश्रा, किस साहू, रमशीला ठाकुर, कुमारीबाई, पूजा मिश्रा, अक्षय कुमार आदि उपस्थित थे।

### शत-प्रतिशत हो मतदानः विजेन्द्र



**डोंगरगढ़।** विजेंद्र सिंह ठाकुर ने मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व के समय सभी मतदाताओं को अपने मतों का उपयोग करना चाहिए। सभी को देश के विकास, अखंडता के लिए मतदान करना अवश्य करना है। इस महापर्व में यह प्रयास होना चाहिए मोहल्ले, कस्बे और शहर का प्रत्येक व्यक्ति लोकतंत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बनते हुए मतदान अवश्य करे।

पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

**खबर संक्षेप**

## ऑनलाइन सॉफ्टवेयर ई-कोष से राहत होगी

**कवर्धा।** कोषालय में अधिकारी-कर्मचारियों के वेतन बिल के अलावा अन्य बिल को भी अब ई-कोष के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकृति दी जाएगी, इसके लिए वित्त विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। विभागों के आहरण संवितरण अधिकारियों (डीडीओ) को कोषालय में ऑनलाइन बिल भेजने के लिए डिजिटल सिग्नेचर की सुविधा भी दी जा रही है। बिल की मंजूरी की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने से कामकाज आसान होगा। साथ ही बिल की स्वीकृति तेजी से मिलेगी।

## प्रारंभिक परीक्षा के नतीजे किए गए घोषित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर इस बार प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम जारी किया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार अभ्यर्थियों के अनुक्रमांक और नाम के साथ ही वर्गवार और उप वर्गवार कटऑफ नंबर भी घोषित किए गए हैं। जारी परिणाम में मुख्य परीक्षा के लिए कुल 3597 अभ्यर्थियों ने अर्हता प्राप्त की है। 17 सेवा के लिए कुल 242 पद विज्ञापित की गए थे। 1 लाख 58 हजार 211 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। चयन प्रक्रिया के पहले चरण में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023, 11 फरवरी 2024 को हुई थी।

**पर्व:** होली को लेकर लोगों में दिख रहा भारी उत्साह, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

# विधि विधान से किया गया होलिका दहन, रंगोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आपसी प्रेम, सद्भाव का सांस्कृतिक पर्व होली की नगर में जबरदस्त रोनक देखने को मिल रही है। होलिका दहन 24 मार्च के रोज जहां कवर्धा नगर सहित अंचल भर में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ किया गया वहीं इससे पूर्व लोगों ने नगर में सजे होली के बाजार में जमकर खरीदी भी की। उल्लेखनीय है कि पर्व के मौके पर नगर में होली का जबरदस्त ढंग से बाजार सजाया गया है। जहां रंग-गुलाल व नाना प्रकार की पिचकारियों से बाजार अटा पड़ा है। इस हाईटेक युग की होली पर बाजार में विभिन्न प्रकार की कैप, चश्में, हर्बल रंग गुलाल, पांच से एक हजार रूपयें मूल्य की पिचकारियां, दीपावली तर्ज पर रंग चटाई, अनार बम, चंदन टीका के साथ बाजार में 30 से 200 रूपये मूल्य तक में फैंसी गुब्बारे के पैकेट, मास्क उपलब्ध है। इन तमाम होली उपयोगी साजो सामान की खरीदी को लेकर बाजार में होलिका दहन के रोज लोगों की भारी भीड़ बाजार में देखने को मिली। दिनभर की खरीदी के बाद लोगों ने देरशाम को विधिवत होलिका दहन किया। होलिका दहन को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया।

**अंचल में रंगो का त्यौहार आज**



होलिका दहन के दूसरे रोज मनाई जाने वाली धुरेड़ी की भी लोगों ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पर्व को रंगए गुलाल से सराबोर करने के लिए होली के मद्देनजर नगर में सजी दुकानों से जमकर खरीददारी की जा रही है। पर्व को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बच्चों के इस उत्साह को बाजार में लगी रंगए गुलाल तथा पिछकारी दर्जनो दुकाने और अधिक बढ़ा रही है। कुल मिलाकर बना जा रहा है कि धुड़ेरी के रोज सार्वाधिक मौज बच्चों की ही रहनी वाली है।



# शराब दुकानों में उमड़ी शराबियों की भारी भीड़

- शराब के शौकीनो की शिकायत नहीं मिल रही ब्रांडेड शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे द्वारा एक आदेश जारी कर 25 मार्च 2024 को होली पर्व पर शुष्क दिवस घोषित किया है। जारी आदेश के तहत शुष्क दिवस के अवसर पर कबीरधाम जिले में संचालित देशी, विदेशी, कंपोजिटी मदिरा दुकानें, एफएल 3(ग) पर्यटन बार तथा मद्य भण्डारण भाण्डागार 25 मार्च को पूर्णतः बंद रखे जाने है।

इस बात की जानकारी होने के बाद शराब के शौकीनो की 24 मार्च को नगर की शराब दुकानों में भारी भीड़ देखने को मिली। रंगोत्सव के पूर्व और होलिका दहन के रोज शराब दुकानो का आलम ये था कि यहां खरीददारों की भारी भीड़ देखने को मिली। शराब के शौकीनो को शराब के लिए घंटो लाईन में लगना पडा।

लेकिन इसे शराब को शौक ही कहें की चिलचिलाती धूप के बाद भी लोग शराब खरीदने के लिए सभी परेशानी बड़े आराम से झेल गए। हालांकि कुछ शराब के शौकीनो को इस बात की शिकायत थी कि उन्हें सरकारी शराब दुकान से मनचाहा ब्रांड नहीं दिया जा रहा है शराब दुकान में सिर्फ देशी शराब ही मिल रही है। लेकिन मरता क्या न करता की तर्ज पर शराब के शौकीनो ने देशी से ही काम चलाने का मन बनाकर जमकर शराब की खरीदी की।

# गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करवाने निकाली गई पद यात्रा

## शंकराचार्य के आव्हान पर कार्यक्रम आयोजित





- नगर के प्रमुख मार्गो में गौभक्तों ने निकाली पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने व गौहत्या बन्द कराने वृंदावन से दिल्ली 15 दिवसीय नंगे पांव पदयात्रा कर रहे ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य अविमक्तेश्वरानंदः सरस्वती महाराज के पदयात्रा के समर्थन में रविवार को प्रातः 8 बजे उमंग पांडेय के नेतृत्व में कवर्धा शहर के मध्य स्थित मां महामाया मंदिर से बड़ी संख्या में गौभक्तों ने रैली निकाली।

इस अवसर पर सर्वप्रथम यात्रा के संयोजक उमंग पांडेय, लोकनाथ देवांगन, राहुल ठाकुर, सौरभ शर्मा के नेतृत्व में गौमाता पूजन किया गया। तत्पश्चात पदयात्रा में शामिल होने पहुंचे गौभक्तों द्वारा हाथों में गौहत्या बंद करो, गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करो का पोस्टर लिए चलित लाउडस्पीकर में भजन संकीर्तन करते हुए गौहत्या बंद करो का गीत व नारा लगाते हुए शहर में भ्रमण के लिए पद यात्रा निकाली। यात्रा महामाया मंदिर से दुर्गा माता मंदिर, बूढ़ा महादेव, जानकी रमण प्रभुदेवालय, परमेश्वरी, दंतेश्वरी, चंडी, सिंहवाहिनी होते हुए काली मंदिर में समापन किया गया।

इस दौरान पद यात्रा को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी ने कहा कि शास्त्र सम्मत यदि हम सनातनी जो भी धार्मिक कार्य करे अनुष्ठान, यज्ञ आदि में बिना गौमाता के पूजन असम्भव है। वही देशी गौ माता के दूध का हमलोग ग्रहण करते हैं। गौमाता से हम लोगों की पहचान है पंचगव्य का प्राशन करते हैं। आयुर्वेद में भी गौ माता का बहुत महत्व है। गौ मूत्र से कैंसर जैसे रोगों की दवाएं बनती हैं। सनातनधर्मियों के इस देश ने गोकशी पूर्णतया प्रतिबंध कर गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करना चाहिए। उन्होने कहा कि लोग कहते हैं कि इस समय हिंदुओं की सरकार है इस बात पर शंकराचार्य महाराज के धर्मोचित मांग को स्वीकार कर मुहर लगाया जा सकता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद इससे पूर्व भी गौमाता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने तथा गौ हत्या बंद किए जाने की मांग को लेकर कार्यक्रम आयोजित कर चुके हैं और वे लगातार इस दिशा में प्रयासरत है।

रविवार को आयोजित पदयात्रा में प्रमुखरूप से धर्मालंकार डॉ पवन मिश्रा, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष मनीष बंटी तिवारी, सभापति उमंग पांडेय, मेघानन्द शास्त्री, चन्द्रकिरण तिवारी, लोकनाथ देवांगन, पतिराम साहू, दुर्गेश देवांगन, शौरभ शर्मा, राहुल ठाकुर, सोनू उपाध्याय, निरूपमा अनुराग शर्मा सहित हज़ारों की संख्या में गौभक्त उपस्थित थे।

# होली मनाने डिप्टी सीएम विजय शर्मा पहुंचे कवर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा होली का पर्व मनाने 24 मार्च को अपने दो दिवसीय प्रवास पर गृह नगर कवर्धा पहुंचे। इस दौरान श्री शर्मा ने 24 मार्च को कई ग्रामों का दौरा किया और होली मिलन सामारोह में भाग लिया। श्री शर्मा 24 मार्च को ग्राम बिरकोना, लखनपुर में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए जहां उन्होने ग्रामीणों तथा भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ जमकर होली खेली वहीं देरशाम वे कवर्धा के युथ क्लब में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस प्रकार श्री शर्मा 25 मार्च को ग्राम भरेली, गण्डईकला तथा कवर्धा नगर के गांधी मैदान में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल होकर होली खेलेंगे तथा लोगों से मेल मुलाकात करेंगे। गांधी मैदान में होली मिलन समारोह को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। वहीं होली पर डिप्टी सीएम के कवर्धा पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं व लोगों में उत्साह देखा जा रहा है।

**बाजार में रौनक...**



**कवर्धा।** रंगोत्सव होली के पूर्व नगर के बाजार में उमड़ी ग्राहकों की भारी भीड़।

# ग्राम पंचायत समनापुर में सत्यमेव जयते क्लब ने मनाया शहीद दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



ग्राम पंचायत समनापुर में सत्यमेव जयते क्लब कवर्धा के बैनर तले क्लब अध्यक्ष देव सिंह धुर्वे समेत नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गत दिनो शहीद दिवस मनाया। क्लब अध्यक्ष देव सिंह धुर्वे ने इस पर अवसर उपस्थित बच्चों को शहीद दिवस मनाने संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि हमारे देश की आजादी की लड़ाई के दौरान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय के मौत की बदला लेने की दृष्टि से शहीदे-आजम भगतसिंह ने अपने साथियों के सहयोग से ब्रिटिश हुकूमत के जॉन सान्डर्स की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके अपराध में ब्रिटिश सरकार ने युवा स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगतसिंह, सुखदेव थापर एवं शिवराम राजगुरु को 23 मार्च 1931 की देर रात को आनन-फानन में उनके समर्थन में जनांदोलन को रोकने की दृष्टि से 24 मार्च के बजाय एक दिन पहले ही लाहौर के सेन्ट्रल जेल में फांसी दे दी थी। जिससे तीनों हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए थे। जिसे देश की आजादी के उपरांत भारत सरकार द्वारा शहीद दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई। इस अवसर पर शिवम झारिया, देवा धुर्वे, कोमल पटेल, चेतन पटेल, संजू पटेल, दीनदयाल धुर्वे, खिलावन पटेल, आशीष पटेल, क्रिश पटेल, दऊवा पटेल, ट्विंकल मानिकपुरी, ओलिना मानिकपुरी सहित अन्य बच्चे उपस्थित रहे।

**गुरुकुल में रही वार्षिकोत्सव की धूम**



**कवर्धा।** गुरूकुल पब्लिक स्कूल में गत शनिवार को वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया गया। जिसमें स्कूल के सीनियर विंग कक्षा चौथी से बारहवी तक के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। वार्षिकोत्सव में छात्र, छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गणेश गीत, भगत सिंह, काली माँ, महाभारत द्रोपदी, जयतु-जयतु भारतम राजस्थानी, मणिकर्णिका, अघोरी तांडव की प्रस्तुति को दर्शकदीर्घा ने काफी सराहना की। छात्र, छात्राओं ने दुर्गा माँ, रिमिक्स, गरबा, छत्तीसगढ़ी नृत्य, शिव तांडव, पंजाबी की मनमोहक नयनाभिराम, आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्षकदीर्घा की वाहवाही लूटी। वार्षिकोत्सव की सांस्कृतिक गतिविधियों के सफल प्रस्तुति का श्रेय समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं, नृत्य प्रशिक्षक एवं शाला परिवार का भागीरथ प्रयास रहा। समारोह के अंत में सभी अतिथियों को शाला का स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। रंगारंग नयनभिराम वार्षिकोत्सव का समापन राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ। सभी अतिथियों का आभार व्यक्त शाला के प्रभारी प्राचार्य ने किया। इस अवसर पर अतिथियों के रूप में डॉ जशवंत जैन कैंसर सर्जन मित्तल हास्पिटल रायपुर, डॉ सुबीर श्रीवास्तव सर्जन विमल नसिंग होम कवर्धा, मनहरण कौषिक अध्यक्ष नगरपालिका परिषद कवर्धा, कैलाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष भाजपा कवर्धा, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी शहर मण्डल अध्यक्ष भाजपा कवर्धा सहित स्कूल स्टाप व पालकगण उपस्थित थे।

**गुजरात के गांधीनगर में शिक्षिका विधी तिवारी तथा निशा सिंह ने दी प्रस्तुति**

# राष्ट्रीय सेमीनार में जिले की दो शिक्षिकाओं ने प्रस्तुत किया शोधपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



भारत सरकार के नमो मातृभूमि मिशन शरदम के अंतर्गत भारतीय शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान गुजरात नेप 2020 के अंतर्गत गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया था। जिसमें जिले की दो शिक्षिकाओं के शोध पत्र का चयन किया गया। जानकारी के मुताबिक इस राष्ट्रीय सेमीनार में पूरे देश भर से शोध पत्र मंगाए गए थे एवं उनमें से मात्र 30 ही शोध पत्रों का चयन होना था। इस कठिन चयन प्रक्रिया के बावजूद छत्तीसगढ़ की शिक्षिकाओं के शोध पत्र को का चयन किया गया जो गर्व का विषय है। शिक्षिकाओं ने छत्तीसगढ़ का सफल नेतृत्व इस राष्ट्रीय सेमिनार में किया इसमें इसमें कबीरधाम जिले की शिक्षिका विधि तिवारी ने ब्रेन एक्टिवेशन में किए गए अपने कार्यों को शोध पत्र के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर रखा एवं निशा सिंह पद व्याख्याता जिला सूरजपुर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत आने वाले कठिनाइयों को कैसे दूर किया जा सकता है एवं किस प्रकार से उसका सफल अनुप्रयोग हो सकता है इस संबंध में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। इस राष्ट्रीय सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर भारत भाई जोशी सीनियर प्रोफेसर गुजरात विद्यापीठ अहमदाबाद की नोट स्पीकर के रूप में प्रोफेसर राजीव रतन शर्मा डीन इन फैकल्टी ऑफ़ एजुकेशन जम्मू यूनिवर्सिटी जम्मू, प्रोफेसर शारदा सिन्हा एनसीईआरटी नई दिल्ली प्रोफेसर दीप्ति प्रोफेसर एमएस यूनिवर्सिटी वडोदरा प्रोफेसर वैशाली शाह डायरेक्टर सेट न विद्या विहार प्रोफेसर दिव्या शर्मा आईआईटीई गांधीनगर प्रोफेसर पारस आईआईटीई गांधीनगर ने भी शिरकत की। छत्तीसगढ़ की इन प्रतिभागियों के शोध पत्र की सराहना सभी ने की तथा उन्हें इस सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# बैगा जनजाति परिवार के साथ अभाविप ने मनाई होली, बच्चों को बांटी रंग-गुलाल व पिचकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कबीरधाम के कार्यकताओं ने सुदुर वनांचल क्षेत्र में विशेष बैगा जनजाति परिवार के साथ मिलकर होली का त्यौहार मनाया। यहां बताना लाजिमी होगा कि अभाविप के कार्यकताओं का यह पहला आयोजन नहीं है। अभाविप प्रत्येक तीज त्यौहारों के अवसर पर वनांचल क्षेत्र में सेवा पखवाड़ा चलाते आ रही है। इस कड़ी आज करपीगोडान में बच्चों को होली के रंग गुलाल, पिचकारी, हरवा, पोगरी आदि वस्तुएं देकर उनका त्यौहार अच्छे से मने इसलिए कपड़े भी भेंट किए गए। अभाविप ने पूर्व से योजना बनाकर समाज के सहयोग से इस कार्यक्रम को वृहद बनाया। छत्तीसगढ़ की पारंपरिक मिठाई जो विशेषकर होली के त्यौहार में बच्चे बुढ़े अपने गले पर लटकाते है उसे प्रत्येक जनजाति परिवार तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर प्रदेश सहमंत्री तुषार चन्द्रवंशी, जनजाति प्रमुख सचिन धुर्वे, बिट्टू बंजारे, तुलसी यादव, खेमलाल, राकेश, बिरेंद्र, सरोजिनी, देवव्रत, चेतन, गोपाल, मानस मिश्रा, हलधर, शिवकुमार, संजू, अजय, बालमुकुंद, रोशनी, लोमश सहित बड़ी संख्या में अभाविप के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सार समाचार

### लाटरी से 14 पात्र हितग्राहियों को आवास का आबंटन

**राजनांदगांव।** देश के प्रत्येक परिवार के सिर पर पक्की छत हो, इस सोच को साकार करने प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। क्रियान्वयन की कड़ी में छत्तीसगढ़ शासन की संवेदनशील पहल मोर मकान-मोर आस योजना के तहत आम आदमी के आवास का सपना साकार करने किरायेदारों के रूप में निकाय क्षेत्र के परिवारों को उनका स्वयं का अपना आवास मात्र लागत मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के क्रियान्वयन एवं जनमानस को योजना का लाभ देने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया कर आवेदन आमंत्रित किया गया। प्राप्त आवेदनों में पात्र हितग्राहियों को नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर 14 मार्च को नगर निगम सभागृह में अनुविभागीय अधिकारी अतुल विश्वकर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीकांत कोर्राम, कार्यपालन अभियंता व योजना के नोडल अधिकारी यूके रामटेके, सहायक नोडल अधिकारी दिलीप मरकाम की उपस्थिति में लाटरी के माध्यम से 14 पात्र हिग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। पूर्व में 95 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटन कर योजना का लाभ दिया गया है। इसी तरह शहर को झुग्गी मुक्त करने अतिक्रमण कर निवासरत परिवारों को भी स्वयं का पक्का सर्वसुविधायुक्त आवास मिला। जिसमें डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल के मुख्य द्वार पर झुग्गी में निवास करने वाले दो परिवारों को मोहारा 340 यूनिट में एवं डबरीपारा के एक परिवार को लखोली 304 यूनिट में आवास का आबंटन किया गया। नोडल अधिकारी रामटेके ने बताया कि उक्त योजना के तहत 803 आवेदन प्राप्त हुए थे। प्राप्त आवेदन में से पात्र 449 आवेदकों की सूची जारी की गई थी। जिनमें राशि जमा उपरांत पूर्व में 95 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटित किया गया था और आज 14 हितग्राहियों को लाटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया जा रहा है। इसके अलावा उपरोक्त पात्र सूची में से आवेदकों द्वारा परियोजना अनुरूप राशि जमा किए जाने उपरांत 10 या 10 से अधिक हितग्राही पाए जाने पर लाटरी की प्रक्रिया कर निरंतर आवास आबंटन किया जाएगा।



### होली के रंग मतदान के संग नारे के साथ चुनावी फाग कार्यक्रम का शुभारंभ

# मतदान के लिए करें जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत डोंगरगांव में स्वीप मतदाता जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुरूचि सिंह की उपस्थिति में होली के रंग मतदान के संग नारे के साथ चुनावी फाग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सीईओ सिंह ने सचिवों को मतदाता शपथ दिलाई एवं सभी को स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने अपील की। उन्होंने स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत 3 से 9 अप्रैल तक सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित स्वीप संगोष्ठी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।




उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को संगोष्ठी के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक करने, लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताने तथा ग्रामीणों को मतदाता शपथ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने वोटर अवेयरनेस ग्रुप का गठन कर मतदान के लिए प्रेरित करने कहा। इसके साथ ही ग्राम पंचायत में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत रैली, दीवाल लेखन, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, पेंटिंग, चित्रकला, मशाल व कैंडिल मार्च जैसे कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को मतदान करने हेतु संकल्पित व प्रेरित करने निर्देशित किया।

इस अवसर पर डोंगरगांव एसडीएम मनोज कुमार मरकाम, सीईओ जनपद पंचायत डोंगरगांव नवीन कुमार, एबीईओ डोंगरगांव रश्मि ठाकुर, एपीओ भगवती साहू, होरीलाल, देवेंद्र गोस्वामी, करारोपण अधिकारी वीरेंद्र तिवारी, ओपी जैन, संकुल समन्वयक कोकपुर राहुल जैन सहित सचिव उपस्थित थे।

### आयुक्त ने किया जलकर व समेकित कर का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वित्तीय वर्ष 2023-24 को ध्यान में रखते नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने अपने शासकीय आवास के जलकर एवं समेकित कर का भुगतान किया। वित्तीय वर्ष की समाप्ति के माह अंत मार्च में करदाताओं की सुविधा के लिए निगम सीमांतर्गत सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर एवं दुकान किराया की वसूली को दृष्टिगत रखते निगम कार्यालय अवकाश के दिनों एवं रविवार को भी निगम कार्यालय के राजस्व विभाग में चालू रहेगा।

आयुक्त गुप्ता ने कर दाताओं से अपील करते कहा कि मैंने अपने शासकीय आवास के जलकर एवं समेकितकर का भुगतान किया है। आप भी अपने बकाया कर सम्पत्तिकर, जलकर, समेकितकर के अलावा दुकान किराया का भुगतान कर नगर विकास में सहभागी बने। साथ ही शासकीय विभागों से भी अपने-अपने विभाग के जलकर एवं समेकितकर का भुगतान कर वित्तीय भार कम करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि करदाता अपने करों का भुगतान अवकाश के दिनों एवं रविवार को भी निगम कार्यालय के राजस्व विभाग में कर सकते हैं।

### दो दिवसीय फाग गायन व झांकी प्रतिस्पर्धा 26 से

**राजनांदगांव।** दो दिवसीय फाग गायन एवं झांकी प्रतिस्पर्धा का आयोजन राधाकृष्णा युवक फाग समिति द्वारा आगामी 26 एवं 27 मार्च को बांकल स्टेशन में किया जा रहा है। जिसमें झांकी वर्ग में 4001 से 501 एवं गायन वर्ग 3001 से 501 रुपए तक एवं प्रत्येक मंडली को दी जाने वाली राशि 1001 रुपए है। उक्त तिथि पर बांकल, खपरीकला, इंदामरा, धनगांव, राजा भानपुरी, किरगी, खैरी, मचानपार, आरगांव में रखा गया है। उक्त जानकारी देते समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, सीताराम सिन्हा, देवेन्द्र साहू ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## शक्ति केंद्र प्रभारी सोनी ने नवीन राशनकार्ड का किया वितरण

**राजनांदगांव।** वार्ड नंबर 43 के शक्ति केंद्र प्रभारी कमल सोनी ने वार्ड नंबर 42, 43 व 46 पड़ोसी महिला समूह द्वारा संचालित सीडीएस राशन दुकान बसंतपुर शीतला मंदिर भवानी नगर में हितग्राहियों को नवीन राशनकार्ड का वितरण किया। श्री सोनी ने कहा कि हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड मिलने पर वार्ड के लोगों ने खुशी जाहिर की। सरकार की महत्वपूर्ण योजना के तहत नवीन राशनकार्ड में राशन कार्डधारियों को 5 साल तक निःशुल्क खाद्यान्न दिया जाएगा। तीनों वार्डों में नवीन राशन कार्ड लगभग 1000 बंट चुके हैं।



श्री सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत केंद्र की भाजपा सरकार और विष्णुदेव साय नीत राज्य की भाजपा सरकार की योजनाओं को लेकर आम जनता में खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है। अंतर की राशि मिलने पर किसान भाजपा सरकार को लेकर काफी खुश है। वहीं महिलाओं को महतारी वंदन योजना की पहली किस्त 1000 रुपए सभी महिलाओं को खाते में डाला गया है। जिससे महिलाओं में भाजपा सरकार के प्रति पूर्ण विश्वास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी से आमजन लाभान्वित हो रहे हैं। तीनों वार्डों में नवीन राशनकार्ड वितरण के दौरान कमल सोनी के साथ खेमिन राजेश यादव, शेखर यादव, पद्मिनी यादव, रंभा यादव, लता शर्मा, हेमंत साहू, जमुना, किरण देवांगन, बसंती यादव, दिलेश्वर यादव, लक्ष्मी यादव, मीना साहू, पंचशील मेश्राम, मुकुंद साहू, निर्मला साहू, लालेश जांगड़े, मुकेश कुर्रे आदि शामिल थे।

## बूंद-बूंद जल सहेजने की दी समझाइश

### साइंस कॉलेज में मनाया गया विश्व जल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में 20 मार्च को पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के तहत रासेयो इकाई द्वारा विश्व जल दिवस प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में मनाया गया। डॉ. बघेल ने कहा कि पानी की समस्या गांवों व शहरों में है।

हमारे देश में करोड़ों लोग स्वच्छ जल का अभाव झेल रहे हैं। बैंगलोर जैसा शहर भयावह जल संकट से जूझ रहा है। अनेक शहरों में भूमिगत जल स्तर कई फीट नीचे चला गया है। हम बूंद-बूंद पानी को सहेजे, जल से भरा जहान बनाए, पानी का सदा सदपयोग करें। रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने कहा कि 97 प्रतिशत पानी समुद्र में खारे जल के रूप में है। 2 प्रतिशत पानी ग्लेशियर के रूप में व 1 प्रतिशत पानी पेयजल के रूप में है। यदि पानी की फिजूलखर्ची नहीं रोका गया तो जलसंकट बुरे से बुरे दिन दिखा सकता है। रोजमर्रा के कार्यों में भी जल संकट बना हुआ है।



डॉ. अबध किशोर झा ने कहा कि आज तेजी से हो रहे शहरीकरण, अनियंत्रित एवं अनियमित औद्योगिकीकरण, जलवायु पद्धतियों का पालन न करने, वनों के कटने, ग्लोबल वार्मिंग, अपर्याप्त वर्षा होने, वर्षा जल का समुचित प्रबंधन न करने के कारण जल संकट तेजी से बढ़ रहा है। डॉ. संगीता गुप्ता ने कहा कि जीवन के लिए शुद्ध हवा व पानी जरूरी है। आदिकाल में भी सभ्यताओं का विकास नदियों के किनारे ही हुआ है। समुचित व स्वच्छ जल की उपलब्धता न होने पर जनसमुदाय में बैर व तनाव का होना स्वाभाविक है। हम जलचक्र के संतुलन को बनाए रखें, जल के प्रति समस्त देश प्रतिबद्धता व सहभागिता बढ़ाएं। बूंद-बूंद जल का संरक्षण समय की मांग है। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टॉफ व अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहकर लाभान्वित हुए।

## मोबाइल डेटा से हो रहा खिलवाड़ जनता हो रही ठगी का शिकार

### घर का निजी विवरण मांग रही कंपनी

- मामले की बड़े स्तर पर होनी चाहिए जांच
- होगी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राजस्व वसूली के नाम पर शहर की जनता का मोबाइल डेटा लेने व अन्य निजी जानकारी साझा करने के मामले को लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने नगर निगम आयुक्त एवं श्री स्टेशनरी कंपनी पर निशाना साधा है।

शहर अध्यक्ष छाबड़ा ने कहा कि शहर में राजस्व वसूली का काम जिस कंपनी श्री स्टेशनरी को दिया गया है, वो रांची झारखंड की कंपनी है और झारखंड के ही जामताड़ा का नाम देशभर में ऑनलाइन ठगी के मामले में कुख्यात है। श्री छाबड़ा ने कहा कि कुछ स्थानीय युवकों को सामने कर कंपनी बाहरी लोगों के संरक्षण में शहर के घर-घर जाकर उनका निजी विवरण ले रही है और इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि लोगों का मोबाइल डेटा लीक हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में शहर के कई लोगों के साथ ठगी का मामला हुआ है और ये मामले तब से ही शुरू हुए हैं, जब से शहर का मोबाइल डेटा कंपनी वालों ने लेना शुरू किया है। इस मामले की बड़े स्तर पर जांच होनी चाहिए।

श्री छाबड़ा ने कहा कि मैंने पहले भी इस कंपनी और निगम आयुक्त की कार्यशैली को लेकर सवाल खड़े किए हैं। बिना किसी सुरक्षा कंपनी को शहर में राजस्व वसूली का जिम्मा दे दिया गया है। जिसकी परिणीति आज हम सबके सामने है। उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी मना किया था कि इस कंपनी के विषय में पहले पूरी जानकारी ले लीजिये, लेकिन निगम आयुक्त ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया। निगम आयुक्त ने नियम विरुद्ध कार्यादेश कर पूरे शहर का डेटा कंपनी को दिलवा दिया है। छाबड़ा ने कहा कि जल्द ही इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की जाएगी और जांच की मांग की जाएगी।

## कॉमर्स ओलंपियाड में बच्चों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड में पुनः शानदार प्रदर्शन किया है। इन विद्यार्थियों में अंशिका वैद्य, चंचल अलिन्या, नंदकुमार नेताम, राहुल अग्रवाल, संस्कृति सिंघानिया कक्षा 11वीं तथा हुसैन जमील, राम्या अग्रवाल, ऋद्धिमा अग्रवाल, तनिषा जैन कक्षा 12वीं प्रमुख हैं।

अंशिका वैद्य को गोल्ड मैडल ऑफ डिस्टिन्क्शन, सर्टिफ़िकेट ऑफ डिस्टिन्क्शन व सर्टिफ़िकेट ऑफ जोनल एक्सिलेंस, चंचल अलिन्या को गोल्ड मैडल ऑफ एक्सिलेंस, नंदकुमार नेताम को गोल्ड मैडल ऑफ एक्सिलेंस, राहुल अग्रवाल को गोल्ड मैडल ऑफ डिस्टिन्क्शन, सर्टिफ़िकेट ऑफ डिस्टिन्क्शन व सर्टिफ़िकेट ऑफ जोनल एक्सिलेंस, संस्कृति सिंघानिया को गोल्ड मैडल ऑफ एक्सिलेंस, हुसैन जमील को गोल्ड मैडल ऑफ एक्सिलेंस, राम्या अग्रवाल को गोल्ड मैडल ऑफ एक्सिलेंस, ऋद्धिमा अग्रवाल को गोल्ड मैडल ऑफ एक्सिलेंस तथा तनिषा जैन को गोल्ड मैडल ऑफ एक्सिलेंस प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

विद्यालय के प्राचार्य ने विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम बनाकर विद्यार्थियों को विविध विषयों के ओलंपियाड का गहन अभ्यास कराया है। जिसकी बदौलत संस्था ने इन ओलंपियाड की परीक्षाओं में प्रदेश, देश और विश्व में राजनांदगांव का दबदबा कायम रखा है। इन ओलंपियाड परीक्षाओं की तैयारी के लिए सभी विषयों की नियमित विशेष कक्षाएं संचालित की गई। इससे लाभान्वित होते बच्चे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट रैंक लाने में सफल रहे। इस वर्ष भी शाला के बच्चों की इन उल्लेखनीय सफलता पर बच्चों व पालकों में काफी खुशी छाई हुई है।

विद्यार्थियों के माता-पिता ने प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, एसओएफ प्रभारी ललित महोबिया, आलोक श्रीवास्तव, वाणिज्य, सामाजिक विज्ञान तथा ह्यूमैनिटीज के विभागाध्यक्ष तरूण कुमार महापात्रा, भावा रमेश पीजीटी कॉमर्स, दीप्ति बिंदल पीजीटी कॉमर्स, शुभम पांडे पीजीटी कॉमर्स तथा युगांतर के प्रबंधन का सदैव उच्च स्तरीय सुविधाएं देने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि युगांतर बच्चों को ओलंपियाड परीक्षा में गाइड करने के अलावा उनके कुशल स्वास्थ्य तथा उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रख रहा है।

शाला की छात्रा तन्वी बिंदल ने 99 प्रतिशत अंक 12वीं बोर्ड में प्राप्त कर इतिहास रचा । कार्तिक नायर ने इंटरनेशनल रैंक वन प्राप्त करके ओलंपियाड में राजनांदगांव के नाम को स्वर्णाक्षरों में अंकित कर दिया। मेडिकल एंट्रेंस परीक्षा नीट, जेईई एवं कॉमर्स में सीए सीपीटी में 30 से अधिक विद्यार्थी ने चयनित होने के बाद युगांतर की अध्ययन- अध्यापन व्यवस्था की श्रेष्ठता को स्थापित किए हैं। भारत सरकार पेट्रोलियम विभाग द्वारा आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर यहां के छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी ड्राइंग स्किल का लोहा मनवाया है। प्रबंधन द्वारा भी शिक्षकों के ओरिएंटेशन हेतु रेगुलर ट्रेनिंग प्रोग्राम्स प्रतिवर्ष प्रबंधन के खर्चे पर ही आयोजित किए जाते हैं। जिससे युगांतर के शिक्षक नवाचारों से अपडेटेड रहते हैं एवं युगांतर इसीलिए अपनी अग्रणी भूमिका निभा पाता है।

विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा , निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, पीआरओ दिनेश प्रताप सिंह, प्रशासक सुरेंद्र भार्गव सहित युगांतर परिवार ने इन होनहार विद्यार्थियों को बधाइयां दी।

### दो दिवसीय फाग एवं जस गायन स्पर्धा 26 से

**तुमड़ीबोड़।** निकटवर्ती ग्राम कोपेडीह में समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में दो दिवसीय भाग प्रतिस्पर्धा का आयोजन 26 एवं 27 मार्च को किया गया है। कार्यक्रम के उद्घाटन में प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा शामिल होंगे। इस स्पर्धा में रचना पक्ष में आकर्षक इनाम की व्यवस्था की गई है साथ ही झांकी पर अलग से पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अलावा श्रेष्ठ वादन, गायन, वेशभूषा पर भी पुरस्कार दिया जाएगा। उक्त जानकारी आयोजन समिति से जुड़े तमेश वर्मा ने दिया।

### मचानपार में फाग एवं जस स्पर्धा कल से

**राजनांदगांव।** मचानपार में जय माँ सरस्वती बाल जस एवं फाग भजन मंडली व समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में दो दिवसीय फाग एवं जस गायन, वादन झांकी स्पर्धा 26 एवं 27 मार्च को स्व.श्री वामन साहू की स्मृति में आयोजित की गई है। लोगों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

### हेमू कलानी के इतिहास एवं उनसे जुड़ी बातों का किया स्मरण

# सिंधी समाज ने जयंती पर कलानी को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हिंद सिंध के वीर शहीद हेमू कलानी को आज सिंधी समाज ने याद किया और उनके हौसले को नमन करते देशभक्ति का जज्बा दिल में जगाने का आह्वान समाज के लोगों से किया गया।

पूज्य सिंधी पंचायत के मीडिया प्रभारी अर्जुन गंगवानी ने बताया कि आज वीर शहीद हेमू कलानी चौक पर उनकी प्रतिमा पर ब्रह्मानंद बजाज ने माल्यार्पण किया और पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात हेमू कलानी के इतिहास एवं उनसे जुड़ी बातों का संस्मरण बढ़ते कदम के अध्यक्ष करतार सिंह कांजवानी ने बताया। वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी, ब्रह्मानंद बजाज, चंद्रपाल कटियारा एवं महासचिव अमर लालवानी ने कहा कि 20 वर्ष की आयु में हेमू कलानी ने अपना बलिदान देश के लिए दिया। एक सकारात्मक निर्णय लेते उस पर आखरी तक अडिग रहे। आजाद हिंद फौज के सिपाही हेमू कलानी को आज इसलिए याद किया जा रहा है, क्योंकि अंग्रेजों ने फांसी से पहले उनसे माफी मांगने का आह्वान किया, परंतु हेमू ने न माफी मांगी और न अपने दोस्तों के नाम बताएं। ऐसे वीर सिपाही को हम आज याद कर रहे हैं।




इस अवसर पर हेमू कॉलोनी चौक में शहरवासियों के लिए ठंडे शरबत का वितरण भी किया गया। जिसकी व्यवस्था बनाने में गिरधारी पंजवानी, प्रकाश वाधवानी, आसर जुमनानी, किशोर खत्री एवं चंद्रपाल कटियारा का योगदान रहा।

कार्यक्रम का संचालन अर्जुन गंगवानी ने किया। इस अवसर अध्यक्ष मन्नुमल मोटलानी, गुरमुखदास, मनोहर पंजवानी, अशोक मोतीरामानी, गिरधारी तलरेजा, टेकचंद बजाज, नंदलाल पंजवानी, ज्ञानचंद लालवानी, अर्जुन वाधवानी, विनोद लुल्ला, राजा माखीजा, कमल गंगवानी, राजेश मंगवानी, जितेंद्र गनसानी, महेश बजाज सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।







